एक नजर में

बैतूल के युवक की लोधियाकुंड में डूबने से मृत्यु

इंदौर : महू तहसील के सिमरोल थाना क्षेत्र स्थित लोधियाकुंड में बैतूल के युवक की डूबने से मृत्यु हो गई। सिमरोल पुलिस ने ग्रामीणों और गोताखोरों की सहायता से देर रात शव को बाहर निकाला और स्वजन को सूचित किया। यह घटना बुधवार शाम पांच बजे हुई। सिमरोल थाना प्रभारी कुलदीप खत्री के अनुसार, 24 वर्षीय सुमित पुत्र अजबराव सावतारकर, निवासी ग्राम नदिया आमला बैतूल, अपने पांच दोस्तों के साथ लोधियाकुंड घूमने आया था। कुंड में नहा रहे थे, तभी सुमित अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। -नप्र

'शक्तिधाम' की रूपरेखा पर उज्जैन में मंथन आज से

उज्जैन : नर्मदा नदी के तट पर खरगोन जिले के बड़वाह में आकार ले रहे देश के पहले समेकित आध्यात्मिक-सांस्कृतिक प्रकल्प 'शक्तिधाम' की रूपरेखा को लेकर उज्जैन में गुरुवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू हो रही है। झालरिया मठ स्थित श्री बालमुकुंद आश्रम में होने वाले इस आयोजन को लेकर प्रबुद्धजन, संतों व श्रद्धालुओं में उत्साह है। संगोष्ठी का उद्घाटन गुरुवार सुबह 10 बजे होगा। -नप्र

चार बांग्लादेशी युवतियों को वापस भेजने की तैयारी शुरू

ग्वालियर : बांग्लादेश से अवैध तरीके से भारत लाई गईं चार युवतियों से पूछताछ के बाद ग्वालियर की जीआरपी ने उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मानव तस्करी के इस मामले में जीआरपी ने अपने मुख्यालय को पत्र लिखकर भेजने की प्रक्रिया की अनुमति मांगी है। पूछताछ में सामने आया है कि भारत में प्रवेश कराने के बाद युवतियों को एक ही जगह नहीं रखा जाता था। -नप्र

पं. धीरेंद्र शास्त्री की सनातन हिंदू एकता रथ यात्रा 11 से

छतरपुर : बागेश्वर धाम के कथावाचक पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की 500 किलोमीटर लंबी सनातन हिंदू एकता रथ यात्रा 3.0 का मार्ग निर्धारित हो गया है। यह यात्रा 11 अक्टूबर को छतरपुर जिले के गढ़ा गांव से प्रारंभ होकर पांच दिनों में अजयगढ़, पन्ना, अमानगंज, पवई, सागर, दमोह, हटा, टीकमगढ़ होते हुए 15 अक्टूबर को पुन: छतरपुर पहुंचेगी। -नप्र

टाइगर रिजर्व में गड़ा धन तलाश रहे चार गिरफ्तार

पन्ना : पन्ना टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में गड़ा धन तलाशने गए चार लोगों को वन विभाग ने पकड़ लिया। आरोपितों के पास से मेटल डिटेक्टर और जीपीएस जैसे उपकरण बरामद किए गए हैं। इनमें से दो आरोपित उत्तर प्रदेश के हैं। चारों के खिलाफ वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। सभी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है। -नप्र

दिग्विजय सिंह उज्जैन से अयोध्या तक करेंगे सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा

घोषणा ● 20 अक्टूबर को शुरू होगी पदयात्रा, नहीं रहेगा कांग्रेस का झंडा-पोस्टर

राज्य ब्यूरो, नवदुनिया, भोपाल : पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह 20 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन शिवधाम (उज्जैन) से रामधाम (अयोध्या) तक सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा निकालेंगे। 950 किलोमीटर की इस यात्रा में प्रतिदिन लगभग 15 किलोमीटर पैदल चलेंगे। इस दौरान कांग्रेस का झंडा, पोस्टर नहीं रहेगा। यात्रा में वह चंदा-चढ़ावा और वोट चोरी पर जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग करेंगे। उन्होंने यात्रा से जुड़ने के लिए बुधवार को भोपाल में पैम्फलेट और डिजिटल पिटीशन लांच किया। साथ ही आरोप लगाया कि बीते 12 वर्षों में संवैधानिक संस्थाओं पर न केवल हमले किए गए, बल्कि इन पर कब्जा करने का प्रयास किया गया।

पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने पत्नी अमृता राय के साथ भोपाल में संयुक्त प्रेसवार्ता में कहा आज देश के सामने वोट चोरी और चंदा-चढ़ावा चोरी, दो बड़े मुद्दे हैं। वोट चोरी से लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं, वहीं, चंदा चोरी से लोगों की धार्मिक आस्था और विश्वास प्रभावित हो रहा है। इन दोनों मुद्दों पर पारदर्शिता, निष्पक्ष जांच और जवाबदेही की मांग को लेकर मैं सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा निकाल रहा हूं। यह 20 अक्टूबर 2026 को उज्जैन के महाकाल मंदिर से प्रारंभ होकर ओरछा के रामराजा सरकार मंदिर से होते हुए अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक पहुंचेगी। यह जनजागरण यात्रा होगी जो किसी धर्म, संप्रदाय या व्यक्ति के विरुद्ध नहीं है। श्रीराम मंदिर हमारी आस्था के केंद्र हैं। श्रद्धालुओं का चढ़ावा और दान उनकी मेहनत और श्रद्धा से आता है। उसकी रक्षा करना और पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। यात्रा में एक व्यक्ति राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) और एक व्यक्ति धर्म ध्वजा (पचरंगा) लेकर चलेगा। इसमें लाल रंग शक्ति, ऊर्जा, साहस और संकल्प का प्रतीक है। जबकि, पीला ज्ञान, प्रकाश, पवित्रता और विवेक, काला गंभीरता, तप, अंधकार के बोध, सफेद सत्य, शांति, शुद्धता और सात्त्विकता के साथ हरा रंग को प्रकृति, जीवन, सृजन, पर्यावरण और समृद्धि का प्रतीक है।

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा से जुड़ने के लिए पैम्फलेट और डिजिटल पिटीशन लांच करते दिग्विजय सिंह, अमृता सिंह और पार्टी नेता गोविंद गोयल।

यात्रा का ध्येय वाक्य सुप्रीम कोर्ट का ध्येय वाक्य यतो धर्मस्ततो जयः होगा। जिसका अर्थ है जहां धर्म (सत्य और न्याय) है, वहीं विजय है।

यह रहेगा यात्रा का मार्ग: 950 किलोमीटर की यह पदयात्रा उज्जैन से प्रारंभ होकर तराना, शाजापुर, सारंगपुर, खुजनेर, राजगढ़, चाचौड़ा, आरोन, अशोकनगर, चंदेरी, तालबेहट (उप्र), जेरोन, ओरछा होते हुए उत्तर प्रदेश के चिरगांव, उरई, कालपी, कानपुर देहात, लखनऊ देहात, बाराबंकी होते हुए अयोध्या पहुंचेगी।

मोदी ने तय किया कोई दूसरा व्यक्ति प्रधानमंत्री नहीं बन सकता

दिग्विजय ने कहा कि पहले भी अनेक लोग प्रधानमंत्री रहे, लेकिन कभी संवैधानिक संस्थाओं पर हमला नहीं हुआ था, न ही उन पर कब्जा करने का कोई प्रयास हुआ। वर्तमान में प्रधानमंत्री मोदी ने यह तय कर रखा है कि उनके अलावा कोई दूसरा प्रधानमंत्री नहीं बन सकता। भाजपा के अलावा दूसरी कोई सरकार नहीं बन सकती।

हवाओं के रुख से फिजा में घुली गुलाबी ठंड, दिन में सता रही तीखी धूप

भोपाल-इंदौर समेत कई शहरों में रातें हुईं सर्द, 2.7 डिग्री तक कम रहा पारा

- पूर्वी मध्य प्रदेश में अगले दो दिन हल्की वर्षा के आसार
- दिन और रात के तापमान में 17 डिग्री का फासला

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: प्रदेश में हल्की गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है। उत्तर-पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से रात के तापमान में गिरावट आई है और सुबह-शाम सिहरन का अहसास भी होने लगा है। भोपाल और इंदौर सहित कई शहरों की रातें सर्द रहीं। बुधवार को इंदौर में न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 1.6 डिग्री कम है। भोपाल में यह सामान्य से 2.0 डिग्री कम 18.8 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं खंडवा और खरगोन में पारा 19.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.5 डिग्री कम है। रायसेन में 19.5 डिग्री और सिवनी में 21.2 डिग्री सेल्सियस तापमान सामान्य से क्रमशः 1.0 डिग्री और 2.7 डिग्री कम रहा।

दिन और रात के तापमान में अंतर की बात करें तो इंदौर में यह फासला 17.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि भोपाल में यह अंतर 17.5 डिग्री, जबलपुर में 12.8 डिग्री और ग्वालियर में 11.8 डिग्री रहा।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाएं प्रदेश में गुलाबी ठंड का दायरा बढ़ा रही हैं। इसके साथ दो मौसमी सिस्टम भी सक्रिय हैं। दक्षिण-पश्चिम मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ तक बना चक्रवात और दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश से उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश तक फैली ट्रफ लाइन पूर्वी हिस्से को प्रभावित कर रही है। इसके प्रभाव से बुधवार को सीधी, सिवनी, अनूपपुर, सिंगरौली और छिंदवाड़ा में हल्की से मध्यम वर्षा हुई। गुरुवार को रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, उमरिया, शहडोल और बालाघाट सहित पूर्वी जिलों में हल्की वर्षा की संभावना जताई गई है।

इंदौर में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। थोड़ी-थोड़ी सर्दी शुरू हो गई है। शहीद पार्क में बनी इंडिया गेट की प्रतिकृति के पीछे मौसम का नजारा ● नईदुनिया

रायसेन में वन क्षेत्र के पास कथित अवैध खनन पर हाई कोर्ट सख्त

- खनन और वन विभाग को तत्काल कार्रवाई कर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश

नवदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुर : हाई कोर्ट ने रायसेन जिले में वन क्षेत्र से सटे इलाके में कथित अवैध खनन गतिविधियों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि वन क्षेत्र में खनन गतिविधियां संचालित होना गंभीर विषय है और यह संबंधित खनन पट्टे की शर्तों का उल्लंघन हो सकता है। याचिकाकर्ता रायसेन निवासी सौरभ पटेल और अंकित पटेल की ओर से दायर याचिका में आरोप लगाया गया कि अनावेदक कल्याण सिंह अहिरवार द्वारा रायसेन जिले में वन क्षेत्र से लगे इलाके में खनन गतिविधियां की जा रही हैं। याचिका के साथ 29 जून 2026 की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई, जो रायसेन के फ्लाइंग स्क्वायड प्रभारी एवं कार्यवाहक उप वन क्षेत्रपाल द्वारा जारी की गई थी। रिपोर्ट में वन क्षेत्र के समीप खनन गतिविधियां होने का उल्लेख किया गया है। राज्य सरकार की ओर से याचिका की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा गया कि जनहित याचिका की आड़ में निजी हित साधने का प्रयास किया जा रहा है। राज्य ने यह भी तर्क दिया कि याचिकाकर्ताओं के पिता स्वयं खनन गतिविधियों से जुड़े हित रखते हैं।

जाति प्रमाणपत्र मामले में गुना के पूर्व विधायक राजेंद्र सलूजा सहित तीनों आरोपित बरी

नवदुनिया प्रतिनिधि, ग्वालियर : अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित विधानसभा सीट से वर्ष 2008 में चुनाव लड़ने के लिए जाति प्रमाणपत्र हासिल करने के मामले में पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा को अदालत ने बरी कर दिया है। उनके साथ आरोपित किरण जैन और हरवीर सिंह उर्फ मिंटू को भी दोषमुक्त कर दिया। तृतीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) देवेश उपाध्याय की अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया। आरोप था कि राजेंद्र सिंह सलूजा ने वास्तविक जाति छिपाकर स्वयं को सांसी जाति का बताते हुए अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र हासिल किया और इसका इस्तेमाल वर्ष 2008 में गुना विधानसभा क्षेत्र की एससी आरक्षित सीट से चुनाव लड़ने के लिए किया।

स्वजन ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप, पोस्टमार्टम करवाने से इन्कार

जयपुर पुलिस की कस्टडी में पिटाई के बाद मंदसौर के किशोर की मौत

नवदुनिया न्यूज, पिपलियामंडी (मंदसौर): मंदसौर जिले के मनासा खुर्द निवासी 16 वर्षीय किशोर ऋतुराज लोहार की जयपुर के अस्पताल में 11 दिन आइसीयू में उपचार के बाद मौत हो गई। स्वजन ने जयपुर के मुहाना थाने में पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। मौत के बाद स्वजन ने पुलिस जांच पर सवाल उठाते हुए पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया था। इसके बाद मजिस्ट्रियल जांच के आदेश हुए। मंगलवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट सौरभ बंसल ने स्वजन के बयान दर्ज किए। इसके बाद स्वजन की सहमति से राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत पांच चिकित्सकों के पेनल ने शव का पोस्टमार्टम किया।

मृतक की मां हेमाबाई ने बताया कि उनके पति प्रकाश लोहार दुबई में वेल्डिंग का काम करते हैं। 17 सितंबर को वे जयपुर पहुंचे और होटल रियांश में ठहरे थे। इसके बाद उनका मोबाइल बंद हो गया। अगले दिन 18 सितंबर को एक व्यक्ति ने उनके 16 वर्षीय बेटे ऋतुराज को फोन कर जयपुर बुलाया। जयपुर पहुंचने के कुछ समय बाद ऋतुराज ने फोन कर बताया कि उसे और पिता को चार-पांच लोगों ने पकड़ रखा है।

ऋतुराज लोहार। सौ. स्वजन

- 22 लाख रुपये के सस्ते सोने के विवाद में हुई थी पूछताछ
- स्वजन के आरोप के बाद मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

22 सितंबर को प्रकाश के दोस्त ललित ने स्वजन को फोन कर बताया कि ऋतुराज गंभीर हालत में जयपुर के नारायणा अस्पताल में भर्ती है। स्वजन जयपुर पहुंचे तो ऋतुराज आइसीयू में बेहोश था। स्वजन का आरोप है कि थाने में पुलिसकर्मियों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे सिर में गंभीर चोट आई और वह बेहोश हो गया। इसके बाद उसे होश नहीं आया। 11 दिन उपचार के बाद पांच अक्टूबर को उसकी मौत हो गई।

सस्ते सोने के लेन-देन से जुड़ा विवाद : स्वजन के अनुसार जयपुर के कुछ लोगों ने प्रकाश लोहार को दुबई से सस्ता सोना लाने के लिए चार लाख रुपये दिए थे। राशि प्रकाश के खाते में नहीं पहुंचने के कारण वह सोना नहीं ला पाया। बाद में जयपुर पहुंचने पर कुछ लोगों ने उसे पुलिसकर्मियों की मदद से पकड़ लिया। स्वजन का दावा है कि प्रकाश के पास दो लाख रुपये थे और उसने बेटे ऋतुराज को बुलाया था। इसके बाद ऋतुराज को पुलिस की हिरासत में रखकर मारपीट की गई।

वहीं मुहाना थाना प्रभारी मुकेश खराड़िया ने बताया कि प्रकाश लोहार के खिलाफ दुबई से सस्ता सोना लाने के नाम पर करीब 22 लाख रुपये लेने की शिकायत मिली थी। पुलिस इसी मामले में कार्रवाई कर रही थी। उनके अनुसार नाबालिग को उसके स्वजन ही थाने लेकर आए थे और थाने आने के बाद उसकी तबीयत खराब हुई। पुलिस ने उसके साथ मारपीट नहीं की। मामले की जांच चल रही है।

वृंदावन हादसे में विदिशा के देवांश की मौत

नवदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा: वृंदावन के चैतन्य विहार स्थित महर्षि पाणिनि संस्कृत गुरुकुल में मंगलवार रात हुए हादसे में विदिशा जिले के ग्राम मरखेड़ा निवासी 17 वर्षीय देवांश दुबे की जान चली गई। यहां करीब 12 फीट गहरे भूमिगत टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस रिसने से देवांश समेत चार छात्रों की मृत्यु हुई है। जबकि एक छात्र का इलाज जारी है। मृतक देवांश के भाई राघवेंद्र ने बताया कि उनका परिवार गंजबासौदा तहसील के ग्राम मरखेड़ा में रहता है। उसे ज्योतिष की पढ़ाई के लिए वृंदावन भेजा गया था। स्कूल प्रबंधन ने स्पष्ट कहा था कि बच्चों से कोई कार्य नहीं कराया जाएगा, इसके बावजूद देवांश से सफाई और अन्य कार्य कराए जाते रहे। उन्होंने स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग की है। स्वजन के मुताबिक, टैंक में तेज दुर्गंध के बीच उसकी सफाई के लिए छात्र उतरा गया, जो अंदर जाते ही बेहोश हो गया।

मृतक देवांश दुबे।

दिलीप बिल्डकान ऊर्जा क्षेत्र में करेगी 15 हजार करोड़ रुपये का निवेश

इंदौर: भोपाल स्थित दिलीप बिल्डकान लिमिटेड अब ऊर्जा क्षेत्र में विस्तार कर रही है। कंपनी ने अगले दो से तीन वर्षों में करीब 15 हजार करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। कंपनी की रणनीति तीन प्रमुख क्षेत्रों अक्षय ऊर्जा, पावर ट्रांसमिशन और तेल एवं गैस पाइपलाइन पर केंद्रित होगी। यह कदम कंपनी के विकास में एक नए चरण की शुरुआत है, जो सड़क निर्माण कंपनी से आगे बढ़कर विविधतापूर्ण राष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी बन चुकी है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सभी परियोजनाओं से कंपनी को अनुमानित रूप से करीब 68 हजार करोड़ रुपये का जीवनकाल राजस्व (लाइफटाइम रेवेन्यू) प्राप्त होने की उम्मीद है। मध्य प्रदेश के लिए यह विस्तार विशेष महत्व रखता है, क्योंकि राज्य की यह प्रमुख स्थानीय कंपनी अपने पारंपरिक सड़क कारोबार से आगे बढ़कर भारत के तेजी से बढ़ते तीन ऊर्जा-इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों में अपनी स्थिति मजबूत कर रही है। कुल करीब 15 हजार करोड़ के निवेश में से लगभग 6572 करोड़ रुपये मप्र में सौर ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश किए जाने की उम्मीद है। कंपनी दो परियोजनाएं विकसित करेगी, जिनकी कुल क्षमता मिलाकर करीब दो गीगावाट सौर ऊर्जा के बराबर होगी।

सिंधिया राजघराने के संपत्ति विवाद में प्रतिमा देवी ने कहा- धोखे से कराए हस्ताक्षर

नवदुनिया प्रतिनिधि, ग्वालियर : सिंधिया राजघराने की 40 हजार करोड़ रुपये की संपत्ति के विवाद के मामले में पेश अंतरिम आवेदनों पर अतिरिक्त सत्र न्यायालय में बुधवार को बहस पूरी हो गई। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की बड़ी बुआ पद्मावती राजे की बेटी प्रतिमा देवी की ओर से प्रस्तुत आवेदन को न्यायालय ने पिछली सुनवाई में स्वीकार कर लिया था। इसी आपत्ति पर बुधवार को दोनों पक्षों के वकीलों के बीच बहस हुई। बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसले के लिए 14 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है। प्रतिमा देवी ने सहमति से हुए बंटवारे का विरोध किया। कहा कि बंटवारे पर जो हस्ताक्षर बताए जा रहे हैं, वह धोखे से कराए गए हैं। इसके लिए साक्ष्य कराए जाएं।

प्रतिमा देवी ने कहा- बंटवारे पर उनका क्या हिस्सा पता नहीं था

प्रतिमा देवी की ओर से बताया गया कि जिस बंटवारे पर उनके सहमति से हस्ताक्षर होना बताए गए हैं उस डाक्यूमेंट में उनके हिस्से में क्या-क्या आया यह उन्हें जानकारी नहीं थी। इसके अलावा अन्य जो दस्तावेज इसमें शामिल किए गए उसकी भी जानकारी नहीं है।

ज्योतिरादित्य की बुआ ऊषा राजे, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और यशोधरा राजे के वकीलों ने कहा कि हस्ताक्षर सहमति से हुए हैं। हस्ताक्षर के बाद परिवार का डिनर भी हुआ था। फोटो शूट हुआ था। वहीं ज्योतिरादित्य सिंधिया की ओर से कहा गया कि साक्ष्य की जरूरत नहीं है। हस्ताक्षर सहमति के साथ हुए हैं।

पांच साल चली बंटवारे की प्रक्रिया तब हुए हस्ताक्षर

कोर्ट में बहस के दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की ओर से बताया गया कि यह बंटवारा एक लंबी प्रक्रिया का हिस्सा है, इसमें लगभग पांच साल का समय लगा। सभी ने सहमति से हस्ताक्षर किए हैं। इसके लिए विधिवत डाक्यूमेंट तैयार किए गए और सभी के अधिवक्तागण भी रहे। इसके पूरा होने बाद डिनर और फोटोग्राफ्स भी खींचे गए थे। बहस के दौरान यह भी बताया गया कि प्रतिमा देवी को इस बंटवारे पर आपत्ति है लेकिन इसी मामले में उनकी बहन कनिकादेवी ने कोई आपत्ति पेश नहीं की है।

संघ के वरिष्ठ प्रचारक विनोद कुमार को मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

नवदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक विनोद कुमार का मंगलवार को निधन हो गया था। बुधवार को सरदारपुरा स्थित संघ कार्यालय आराधना भवन से अंतिम यात्रा निकली। मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव अंतिम यात्रा में शामिल हुए और अर्थी को कंधा दिया। इससे पहले उन्होंने आराधना भवन पहुंचकर विनोद कुमार के पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

सुबह सात बजे आराधना भवन परिसर में विनोद कुमार की पार्थिव देह अंतिम दर्शन के लिए रखी गई। बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सतीश मालवीय, चिंतामणि मालवीय, नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव, मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, सिंहस्थ मेला प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, संजय अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों ने विनोद कुमार के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

वरिष्ठ प्रचारक स्व.विनोद कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव। ● नवदुनिया

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank | आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा अरेरा हिल्स, भोपाल, फोन नं. 0755-2550020

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु **ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित ऋणियों एव जमानतदारों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है:-

ई नीलामी दिनांक : 27.10.2026 (ई-नीलामी का समय : प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 26.10.2026 रात्रि 11.00 बजे तक

निविदाकार अपने प्रस्ताव रु. 25000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे।
आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा | प्राधिकृत अधिकारी : श्री योगेश कृष्ण सक्सेना | फोन नं. 0755-2550020/9425013866

ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि	मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि
1. मेसर्स मनीष पांडे (प्रोपराईटरशीप फर्म) श्री मनीष पांडे के माध्यम से 2. श्रीमती आकांक्षा पांडे (जमानतदार) 1. बंधक संपत्ति का समस्त भाग मकान नं. 58, कम्फर्ट ग्रीन, सर्वे नं.144/2/1/13, 3/1/ग/1, 144/2/1/ख, 3/1/ग/2, 144/2/1/ख, 144/2/1/1 और 144/2/1 क, कम्फर्ट ग्रीन्स, ग्राम - नेवारी, नई जेल के पास, पह नं. 5, वार्ड नं. 75, भोपाल, (म.प्र.), क्षेत्रफल - 96.15 वर्ग मीटर, सीमाएँ : पूर्व- रोड, पश्चिम- प्लाटनं. 37, उत्तर- रोड, दक्षिण- प्लाट नं.57, संपत्ति मालिक : श्री मनीष पांडे पुत्र श्री साधव प्रसाद पांडेऔर श्रीमती आकांक्षा पांडेपत्नी श्री मनीष पांडे। (सांकेतिक आधिपत्य)	(₹) 81,09,000/- (₹) 8,10,900/-	07-05-2026 / 16-07-2026 / ₹ 23766454.45 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
2. बंधक संपत्ति का समस्त भाग प्लाट नं. 69, शीतल मेगा सिटी, फेज II कैंपस, खसरा नं. 454/1/1/2 एवं 453, वार्ड नं. 17, मंडीदीप, रायसेन, (म.प्र.), क्षेत्रफल - 52.04 वर्ग मीटर, सीमाऐं : पूर्व- प्लाट नं. 68, पश्चिम - प्लाटनं. 70, उत्तर- कॉलोनी रोड, दक्षिण- प्लाटनं.44, संपत्ति मालिक : श्री मनीष पांडेपुत्र श्री साधव प्रसाद पांडे ।दक्षिण-अन्य का मकान ,संपत्ति मालिक: श्री हेमंत पटेरिया पुत्र श्री नाथूराम पटेरिया (सांकेतिक आधिपत्य)	(₹) 20,63,000/- (₹) 2,06,300/-	
मेसर्स संदीप खरे एण्ड एसोसिएट्स (भौतिक आधिपत्य) 1. तृतीय तल 2, (टीएफ-2), नर्मदा ब्लॉक-6, इंड्स रियलटी, प्लॉट नं. 10, डी-सेक्टर, इंडस्ट्रीयल एरिया, वार्डनं. 13, मंडीदीप, जिला-रायसेन, क्षेत्रफल-600 वर्गफिट, । सीमाएँ :- उत्तर :नर्मदा ब्लॉक -5, तृतीय तल 05, दक्षिण :कॉरिडोर, पूर्व : नर्मदा ब्लॉक नं. 6, तृतीय तल 03, पश्चिम :नर्मदा ब्लॉक नं. 6,तृतीय तल 01, सम्पत्ति मालिक: श्री संदीप खरे	(₹) 6,20,000/- (₹) 62,000/-	06-07-2017 / 18-09-2017 / ₹ 19742225.75 + दिनांक 30.06.2017 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे
2. तृतीय तल नं. 5, (टीएफ-5), नर्मदा ब्लॉक नं. 4, इंड्स रियलटी, प्लॉट नं. 10, डी सेक्टर, वार्डनं. 13, इंडस्ट्रीयल एरिया, मंडीदीप, जिला रायसेन, क्षेत्रफल-600 वर्गफिट, । सीमाएँ :- उत्तर :कॉरिडोर, दक्षिण :नर्मदा ब्लॉक 5,तृतीय तल-2, पूर्व : नर्मदा ब्लॉक नं. 4, तृतीय तल-4, पश्चिम :नर्मदा ब्लॉक नं. 4, तृतीय तल-6, सम्पत्ति मालिक: श्री संदीप खरे। (भौतिक आधिपत्य)	(₹) 6,20,000/- (₹) 62,000/-	
मेसर्स कालका साड़ी (भौतिक आधिपत्य) बंधक संपत्ति भूतल भाग ए नया 34/349, बैरागढ़ भोपाल, क्षेत्रफल : 1080 वर्ग फिट, सीमाऐं : पूर्व-क्वार्टर नं. 351, पश्चिम-क्वार्टर नं. 348, उत्तर- क्वार्टर का शेष भाग, दक्षिण- गली, संपत्ति मालिक : श्री कन्हैयलाल ऐलानी / श्री राजकुमार ऐलानी	(₹) 22,89,000/- (₹) 2,28,900/-	18-10-2017 / 21-06-2019 / बकाया राशि मांग पत्र अनुसार

नियम एवं शर्तें :- 1. विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तों के आधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तो का पालन करना होगा। 2. सम्पत्तियों की बिक्री ''जहां है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। 3. ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्रतिभूत लेनदार को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्रतिभूत लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक लिये जिम्मेदार नहीं होगा। 4. विक्रय अधिकृत ऑनलाईन ई-निलामी सेवा प्रदाता के द्वारा **दिनांक 27/10/2026 वेबसाइट** https://baanknet.com पर किया जायेगा। इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता PSB Alliance के संबंधित ई-नीलामी वेब पोर्टल https://baanknet.com में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा। यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तों के लिए https://baanknet.com और www.pnb.bank.in पर देखें।

दिनांक: 07/10/2026, स्थान: भोपाल — **सुरक्षित ऋणदाता, पंजाब नैशनल बैंक**

शिक्षा का हाल | शाजापुर के पचोला हरनाथ गांव में 50 से ज्यादा बच्चे, लेकिन सरकारी स्कूल में सिर्फ चार दर्ज

चार बच्चों का स्कूल, दो शिक्षिकाएं, फिर भी कक्षा में सन्नाटा

संतोष दशेरिया ● नवदुनिया

शाजापुर : जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर ग्राम पचोला हरनाथ का प्राथमिक विद्यालय सरकारी शिक्षा व्यवस्था की ऐसी तस्वीर दिखा रहा है, जहां चार बच्चों के लिए दो शिक्षिकाएं तैनात हैं, लेकिन कक्षाओं में बच्चे ही नहीं हैं। हालत यह है कि विभागीय निरीक्षण में चारों विद्यार्थी गायब मिले और कक्षाओं में पढ़ाई के बजाय सन्नाटा मिला। इसके बाद शिक्षिकाओं को दूसरी शालाओं में भेजने के आदेश हुए, लेकिन आरोप है कि हाजिरी फिर भी पुरानी शाला में ही लगती रही।

गांव में करीब 40 से 50 परिवार रहते हैं और 50 से अधिक बच्चे हैं। इसके बावजूद सरकारी प्राथमिक विद्यालय में केवल चार बच्चों के नाम दर्ज हैं। इनमें तीन पहली और एक बालिका तीसरी कक्षा में है। पिछले वर्ष यहां 13 बच्चे दर्ज थे। जिला परियोजना समन्वयक राजेंद्र शिप्रे ने छह अगस्त 2026 को विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया था। इस दौरान रजिस्टर में चार बच्चों के नाम मिले, लेकिन एक भी उपस्थित नहीं था। इसके बाद विभाग ने शिक्षिका चंद्रलेखा नागर को प्राथमिक विद्यालय पिपल्यागोपाल और अलका भाटी को प्राथमिक विद्यालय कांजा में